5th class Vyakaran Ch.3 Ques.Ans

2)**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो __**

क)शब्द किसे कहते हैं?

उत्तर- वर्णों के सार्थक मेल को शब्द कहते हैं।

ख) हिंदी भाषा के शब्दों को किन आधारों पर बांटा गया है?

उत्तर- हिंदी भाषा के शब्दों को तीन आधारों पर बांटा गया है:- उत्पत्ति के आधार पर, बनावट के आधार पर, प्रयोग के आधार पर ।

ग) उत्पत्ति के आधार पर शब्द भेद लिखें ।

उत्तर-उत्पत्ति के आधार पर चार शब्द भेद होते हैं:-

तत्सम, तद्भव, देशज और विदेशी।

घ) देशज और विदेशी शब्दों में अंतर स्पष्ट कीजिए।

उतर- देशज शब्द का अर्थ है देश में उत्पन्न । जो शब्द भारत के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों की आम बोलचाल की भाषा से हिंदी में आए हैं उन्हें देशज शब्द कहते हैं जैसे डिबिया ,थैला, पगड़ी ,जूता आदि।

जो शब्द दूसरे देशों की भाषाओं से हिंदी भाषा में आए हैं उन्हें विदेशी शब्द कहते हैं, जैसे:- फूल, रुमाल, अलमारी आदि।

ड़) विकारी शब्द कितने प्रकार के होते हैं?

उत्तर- विकारी शब्द चार प्रकार के होते हैं :- संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया ।